भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2358

जिसका उत्तर 16 मार्च, 2022 को दिया जाना है

किसानों को मुआवजा

2358. श्रीमती हिमाद्री सिंह:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के अंतर्गत जमुना-कोतमा क्षेत्र में वर्ष 2014 से 2018 तक कंपनी द्वारा कितने हेक्टेयर भूमि क्षेत्र का अधिग्रहण किया गया है;

(ख) जमुना-कोतमा क्षेत्र की आमदद परियोजना के तहत अब तक कितने किसानों को रोजगार दिया गया है और कितने लोग अभी भी रोजगार से वंचित हैं; और

(ग) जमुना-कोतमा के तहत कंपनी द्वारा भूमि अधिग्रहण के एवज में कितने किसानों को मुआवजा दिया गया है और किस दर पर मुआवजा दिया गया है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा वर्ष 2014 से 2018 तक जमुना-कोटमा क्षेत्र में 1487.512 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई जिसमें अमदंड ओसी परियोजना अर्थात् (जमुना 9 और 10 यूजी, अमृतधारा ओसीपी तथा अमदंड ओसीपी) सहित 03 परियोजनाएं शामिल हैं।

(ख) : अमदंड ओसी परियोजना में 699.94 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रदान किए जाने वाले रोजगार की कुल सं. 849 है, इसमें से 399 रोजगार पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं (रोजगार के बदले 03 आर्थिक मुआवजे को शामिल करके) तथा 450 रोजगार शेष है। भूमि के बदले रोजगार सतत प्रक्रिया है। आवश्यक दस्तावेजों जैसे भू-स्वामित्व का साक्ष्य, पारिवारिक वंशावली (राज्य के राजस्व अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित) की प्राप्ति, परिवार के सदस्यों की सहमति और दस्तावेजों के सत्यापन आदि सहित दावे की प्राप्ति के बाद मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

(ग) : विवरण निम्नानुसार है:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>खान का नाम</th><th>गांव का नाम</th><th>पीएपी को दिया गया मुआवजा (सं.)</th><th>मुआवजे की दर (लाख प्रति हेक्टेयर)</th><th>टिप्पणी</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>जमुना 9/10 यूजी</td><td>कल्याणपुर</td><td>14</td><td>41.40</td><td rowspan="8">आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम, 2013 की पहली अनुसूची के अनुसार मुआवजे का आकलन किया गया।</td></tr>
<tr><td rowspan="7">2.</td><td>अमदंड ओसी</td><td>अमदंड</td><td>01</td><td>12.94</td></tr>
<tr><td></td><td>अमदंड</td><td>53</td><td>13.15</td></tr>
<tr><td></td><td>निमहा</td><td>09</td><td>9.34</td></tr>
<tr><td></td><td>निमहा</td><td>89</td><td>8.60</td></tr>
<tr><td></td><td>निमहा</td><td>53</td><td>8.86</td></tr>
<tr><td></td><td>कुहका</td><td>03</td><td>8.26</td></tr>
<tr><td></td><td>भलवही</td><td>58</td><td>5.58</td></tr>
</table>

****